# दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

पत्रांक : 1190/कमेटी/ग्री0अ0/2024 दिनांक : 16.05.2024

## संशोधित सूचना

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–1173/कमेटी/ग्री0अ0/2024 दिनांक 10.05. 2024 के द्वारा विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में दिनांक 25 मई 2024 से 05 जुलाई 2024 तक निर्धारित ग्रीष्मावकाश को संशोधित करते हुये माननीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 15.05.2024 के अनुपालन में अब **दिनांक 25 मई 2024 से दिनांक 10 जुलाई 2024** तक विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में शिक्षकों हेतु ग्रीष्मावकाश घोषित किया जाता है। उक्त अवधि में विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक एवं विभागीय कार्यालय यथावत् खुले रहेंगे तथा परीक्षायें, प्रवेश एवं मूल्यांकन कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संचालित होती रहेंगें। परीक्षा, प्रवेश एवं मूल्यांकन कार्य में नामित शिक्षक निर्दिष्ट तिथियों पर अपनी उपलब्धता सुनिश्चित रखेंगे। जो शिक्षक परीक्षा एवं अन्य आवश्यक विश्वविद्यालय कार्य करेंगे उन्हें नियमानुसार एक दिवस के सापेक्ष एक दिन का प्रतिकर देय होगा। ग्रीष्मावकाश के उपरान्त नवीन सत्र 11 जुलाई, 2024 से प्रारम्भ होगा।

कुलसचिव

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।**

**प्रतिलिपि**: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/पाठ्यक्रम समन्वयक।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।
3. अभिरक्षक/अधीक्षक समस्त छात्रावास एवं प्रभारी महिला छात्रावास।
4. नियन्ता/ग्रन्थालयी।
5. वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक।
6. अध्यक्ष–क्रीड़ा परिषद/चेयरमैन–डेलीगेसी।
7. निदेशक, एकेडमिक स्टाफ कालेज/समन्वयक–राष्ट्रीय सेवा योजना/प्रभारी, स्वास्थ्य केन्द्र,
8. निदेशक सूचना, प्रकाशन एवं जनसम्पर्क केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
9. समन्वयक आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट एवं समद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
10. विश्वविद्यालय अभियन्ता/सम्पत्ति अधिकारी।
11. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
12. प्रभारी, सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।,
13. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
14. प्रभारी/अधीक्षक समस्त अनुभाग एवं कार्यालय।
15. सूचना केन्द्र/सूचना पट्ट ।
16. सम्पादक–आज, दैनिक जागरण, आई–नेक्स्ट, राष्ट्रीय सहारा, हिन्दुस्तान, अमर उजाला, काम्पैक्ट, को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को अपने सम्मानित समाचार पत्र में जनहित में सूचना के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव

c:\Committee\Summer_Vacation.doc